**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2080**
**उत्तर देने की तारीख-05/08/2024**

## राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान

**+2080. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:**

**श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

**श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में इस योजना से लाभान्वित उच्चतर शिक्षा संस्थानों के लिए आबंटित निधियों और उनकी संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के अंतर्गत स्थापित किए गए नए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) आन्ध्र प्रदेश में नए संस्थानों की स्थापना हेतु राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत आबंटित, संवितरित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) उपरोक्त वित्तपोषित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और निधियों के उपयोग तथा प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(च) आन्ध्र प्रदेश में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (एनआरयूएसए) द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के कार्यान्वयन में क्या चुनौतियां सामने आई हैं अथवा कितना विलंब हुआ है और इसके क्या कारण हैं;

(छ) क्या विजयनगरम जिले में नए विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कोई योजनाबद्ध परियोजना/लंबित प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ज) क्या अनंतपुर जिले में ऊर्जा विश्र्वविद्यालय के विकास का कोई प्रस्ताव लंबित है, यदि हां, तो लंबित रहने के क्या कारण हैं और इस पर विचार और अनुमोदन हेतु अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

(**डॉ .सुकान्त मजूमदार**)

(क) से (च): राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए), वर्ष 2013 में शुरू की गयी एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य राज्य सरकार के विशिष्ट विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करके उनकी गुणवत्ता में सुधार करने के लिए वित्त पोषित करना है। योजना का दूसरा चरण वर्ष 2017 में शुरू किया गया था। सरकार ने अब शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ जून 2023 में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान

(पीएम-यूएसएचए) के रूप में आरयूएसए के तीसरे चरण की शुरुआत की है। पीएम- यूएसएचए के तहत, फोकस जिलों को प्राथमिकता दी जाती है। संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विभिन्न मानदंडों जैसे कम सकल नामांकन अनुपात, लैंगिक समानता, महिलाओं, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जनसंख्या अनुपात और नामांकन अनुपात,आकांक्षी/सीमा क्षेत्र/वामपंथी उग्रवाद प्रवण जिला आदि के आधार पर फोकस जिलों की पहचान की जाती है।

इस योजना में विभिन्न घटकों जैसे बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू), विश्वविद्यालयों को मजबूत करने के लिए अनुदान, कॉलेजों को मजबूत करने के लिए अनुदान, नए मॉडल डिग्री कॉलेज (एनएमडीसी) और जेंडर समावेश और समता पहल के तहत सहायता के माध्यम से राज्य उच्चतर शिक्षा प्रणाली में सुलभता, समानता और उत्कृष्टता में सुधार की परिकल्पना की गई है। योजना के अंतर्गत विभिन्न घटकों के तहत कुल 5613.12 करोड़ रुपये की कुल राशि के साथ 440 इकाइयों को मंजूरी दी गई है।

स्थापना के बाद से, योजना के विभिन्न घटकों के तहत 662.19 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता के साथ आंध्र प्रदेश में 158 इकाइयों को अनुमोदित किया गया है। आंध्र प्रदेश को अब तक 338.21 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। आन्ध्र प्रदेश में विभिन्न उच्चतर शिक्षा संस्थाओं के लिए अनुमोदित केन्द्रीय निधियों का ब्यौरा (अनुबंध-I) में संलग्न है।

आरयूएसए के प्रारम्भिक चरणों के तहत, नई संस्थाओं की स्थापना हेतु सहायता प्रदान करने के लिए 9 इकाइयों को अनुमोदित किया गया है, जिनमें से 6 संस्थाएं वर्तमान में कार्य कर रही हैं। इन संस्थाओं में अनुमोदित, जारी और उपयोग की गई राशि का ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है। राज्य में भूमि हस्तांतरण के मामलों, कोविड-19 महामारी, संस्थानों/कार्यकारी एजेंसियों द्वारा व्यय की धीमी गति आदि के कारण परियोजनाओं में सामान्य रूप से देरी हुई।

(छ): शिक्षा मंत्रालय के तहत, आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (सीटीयूएपी) विजयनगरम जिले में स्थापित किया गया है जिसने शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से अपने अस्थायी परिसर में काम करना शुरू कर दिया है।

(ज): शिक्षा मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

*********

अनुलग्नक-I

**राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के संदर्भ में माननीय संसद सदस्य श्री मड्डीला गुरुमूर्ति, श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी और श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा पूछा गया लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2080 के भाग (क) से (च) में संदर्भित अनुलग्नक**

स्थापना के बाद से आंध्र प्रदेश में विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों को अनुमोदित केंद्रीय निधियों का विवरण:

| क्र.सं. | जिला | अनुमोदित इकाइयों की संख्या | केंद्रीय अनुमोदित हिस्सा (रुपये करोड़) |
|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | 1 | 3.00 |
| 2 | अनंतपुर | 13 | 43.80 |
| 3 | अन्नमय्या | 1 | 3.00 |
| 4 | चित्तूर | 17 | 174.00 |
| 5 | पूर्वी गोदावरी | 16 | 47.80 |
| 6 | एलुरु | 1 | 3.00 |
| 7 | गुंटूर | 15 | 58.80 |
| 8 | काकीनाडा | 1 | 3.00 |
| 9 | कोनासीमा | 1 | 3.00 |
| 10 | कृष्णा | 13 | 19.20 |
| 11 | कुरनूल | 11 | 61.80 |
| 12 | नांदयाल | 1 | 3.00 |
| 13 | नेल्लोर | 7 | 8.40 |
| 14 | एनटीआर | 1 | 3.00 |
| 15 | पार्वतीपुरम मान्यम | 1 | 3.00 |
| 16 | प्रकाशम | 7 | 16.20 |
| 17 | एसपीएसआर नेल्लोर | 1 | 3.00 |
| 18 | श्री सत्य साई | 1 | 3.00 |
| 19 | श्रीकाकुलम | 8 | 17.40 |
| 20 | तिरुपति | 1 | 3.00 |
| 21 | विशाखापत्तनम | 1 | 3.00 |
| 22 | विशाखापत्तनम | 11 | 91.20 |
| 23 | विजियांगरम | 5 | 18.00 |
| 24 | पश्चिम गोदावरी | 13 | 23.40 |
| 25 | वाई.एस.आर. | 2 | 15.00 |
| 26 | वाईएसआर कडपा | 7 | 25.20 |
|  | राज्य एक इकाई के रूप में | 1 | 6.00 |
|  | **कुल** | **158** | **662.19** |

**अनुलग्नक-II**

**राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के संदर्भ में माननीय संसद सदस्य श्री मड्डीला गुरुमूर्ति, श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी और श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा पूछा गया लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2080 के भाग (क) से (च) में संदर्भित अनुलग्नक**

प्रारंभ से लेकर अब तक आन्ध्र प्रदेश में नई संस्थाओं की स्थापना के लिए अनुमोदित, जारी और उपयोग की गई राशि का ब्यौरा:

घटक: एक क्लस्टर में कॉलेजों के रूपांतरण द्वारा विश्वविद्यालयों का निर्माण

| **क्र.सं.** | **संस्थान का नाम** | **चरण** | **कुल अनुमोदित राशि (रुपये करोड़ में)** | **जारी की गई कुल राशि (रुपये करोड़ में)** | **उपयोग की गई कुल राशि (रुपये करोड़ में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिल्वर जुबली गवर्नमेंट कॉलेज (ए) कुरनूल (लीड कॉलेज), कुरनूल | 1.0 | 55.00 | 43.47 | 43.47 |

घटक: नए मॉडल डिग्री कॉलेज

| **क्र.सं.** | **संस्थान का नाम** | **चरण** | **कुल अनुमोदित राशि ( रुपये करोड़ में)** | **जारी की गई कुल राशि (रुपये करोड़ में)** | **उपयोग की गई कुल राशि (रुपये करोड़ में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीडीसी चीपुरुपाली, विजियांगरम ** | 1.0 | 12.00 | 12.00 | 11.55 |
| 2 | जीडीसी पथपट्टनम, श्रीकाकुलम ** | 1.0 | 12.00 | 11.70 | 11.70 |
| 3 | जीडीसी, आत्मकुर, कुरनूल ** | 1.0 | 12.00 | 12.00 | 10.80 |
| 4 | जीडीसी जगमपेटा, पूर्वी गोदावरी ** | 1.0 | 10.66 | 10.66 | 10.66 |
| 5 | जीडीसी कामवारापुकोटा, पश्चिम गोदावरी ** | 1.0 | 12.00 | 10.81 | 10.81 |
| 6 | जीडीसी येरागोंडापलेम, प्रकाशम ** | 1.0 | 12.00 | 10.51 | 8.38 |
| 7 | एनएमडीसी, अराकू, विशाखापत्तनम | 2.0 | 12.00 | 9.59 | 9.59 |
| 8 | एनएमडीसी, पेंडलीमर्री, वाईएसआर कडपा | 2.0 | 12.00 | 11.31 | 11.31 |

** कार्यात्मक